तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि


रोहतक, रविवार, 23 फरवरी 2025

14 चेयरपर्सन ने बैठक से दो दिन पहले पहना भाजपा का पटका



14 लघु नाटिका से सामाजिक बुराइयों पर किया कटाक्ष





## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी में महिला गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जींद। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पौलेंड में वर्क वीजा पर भेज कर होटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपये हडपने की आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव धरौदी निवासी रिंकू ने गत 17 सितंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके गांव की भांजी सुषमा से काफी समय से जान पहचान है।

### मारपीट-तोडफ़ोड़ करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

जींद। अलेवा थाना पुलिस ने घर में घुस कर मारपीट करने तथा तोडफ़ोड़ करने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव अलेवा निवासी मीना ने गत फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पति मनदीप के साथ घर का कामकाज निपटा रही थी। उसी दौरान गांव का हैप्पी दर्जनभर युवकों के साथ गाड़ी में सवार होकर पहुंचा और बाहर लगे सीसी टीवी कैमरों को तोड़ते अंदर घुस कर पति पर हमला कर दिया।

### दो बच्चों के साथ महिला संदिग्ध हालात में गायब

जींद। गांव मुआना से दो बच्चों के साथ महिला के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 फरवरी रात को उसकी पत्नी उसके दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### फर्जी तरीके से शादी कर महिला का यौन शोषण

जींद। एक व्यक्ति ने महिला के साथ फर्जी तरीके से शादी कर उसका यौन शोषण किया। पीड़ित महिला की शिकायत पर सफीदों थाना पुलिस ने तीन महिला समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सफीदों सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तलाकशुदा है।

### कैडेट्स ने नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली

सफीदों। सफीदों के राजकीय पीजी कॉलेज के तत्वाधान में गांव रत्ताखेड़ा में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय शिविर के पंचम दिन एनएसएस स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स ने मिलकर नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली और लोगों खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एनएसएस अधिकारी डा. जयविंद्र शास्त्री व रीनू विशेष रूप से मौजूद रहे।

### करियर काउंसलिंग पर कार्यशाला आयोजित

जींद। हिन्दू कन्या कालेज में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर काउंसलिंग ज्ञान, कौशल और क्षमताओं का विस्तार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ सेल की संयोजक क्रांति ने किया। महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर, मुख्य वक्ताओं और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### एसडी स्कूल घिमाना में खेल प्रतियोगिता

जींद। एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल घिमाना में खेल प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें प्राइमरी के अंडर 11 पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता में 100-200 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक व भाला फेंक आदि खेल करवाए गए।

### साक्षी ने किया कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में टॉप

जींद। श्याम नगर की साक्षी ने कुरुक्षेत्र विवि में टॉप किया है। उन्हें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सम्मानित किया है। विवि में 18 फरवरी को 34 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी, राज्यपाल बंडारू और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरकत की। समारोह में दो हजार विद्यार्थियों को डिग्री, 130 पंजीकृत विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया।

## मिट्टी खिसकने के 24 घंटे के बाद भी नही निकला कोई समाधान

# उपायुक्त साहब : आप भी एक बार दौरा कर लीजिए

मकानों के आगे बनी हुई है 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई

### लोग दहशत में, मकानों के गिरने का बना डर


जींद। जींद भिवानी रोड अंडरपास गहरी खाई में सीढ़ी लगाने पर मजबूर लोग। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड पर अंडरपास के निर्माण के दौरान मिट्टी खिसकने के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नही निकला है। मकानों के आगे 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई बनी हुई। लोग भारी दहशत में है। जमीन खिसकने से मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। मकानों के गिरने का डर बना हुआ है। 24 घंटे से पशु घरों में कैद होकर रह गए हैं, जो बुजुर्ग बाहर थे वो अंदर नहीं आ पा रहे। जो अंदर थे वो बाहर नहीं आ पा रहे हैं। 75 साल की एक बुजुर्ग महिला तो बेचारी 24 घंटे से घर से बाहर है जो बहुत परेशान नजर आ रही है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि लोगों को घरों में आने जाने के लिए सीढियों का सहारा लगाना पड़ रहा है। एक एक सीढ़ी से काम नहीं चल रहा। 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई होने की वजह से एक एक सीढ़ी के साथ अतिरिक्त सीढ़ी बांधनी पड रही है। ऐसी ऊंची सीढ़ियों से आना जाना खतरों से भरा है। राजकुमार गोयल ने जींद के डीसी मोहम्मद इमरान रजा से इस मामले में जरूर हस्तक्षेप करने की मांग की है और उनसे मौके का दौरा करने की मांग भी की है। गोयल का कहना है कि डीसी को इस मामले की किसी मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी से जांच करवानी चाहिए और आरोपित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए। जो लोग पीड़ित हैं उन्हे इमरजेंसी सेवाएं दी जानी चाहिएं। घरों में आने जाने के रास्ते का तुरंत प्रभाव से प्रबंध कराया जाना चाहिए। जो मवेशी अंदर रुके हुए हैं, उनकी संभाल करनी चाहिए। जो बुजुर्ग बेचारे बाहर हैं, और अंदर नहीं जा पा रहे उनकी व उनके परिवारों की भी संभाल की जानी चाहिए।


जींद। सीढ़ी लगा कर उतरते महिला। फोटो :हरिभूमि

# बेस्ट एथलीट बने साहिल और आशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में 61वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई और विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं व्यक्ति की क्षमता को चुनौती देती हैं। कुछ लोग इनसे आगे बढ़ते हैं तो कुछ हार जाते हैं लेकिन खेल प्रतियोगिताएं ऐसी होती हैं जहां प्रतिभागी जीत-हार से परे शारीरिक और मानसिक रूप से लाभांवित होते हैं। इसलिए इन्हें स्वास्थ्य प्रतियोगिता कहना भी अनुचित नहीं होगा। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने विजेताओं को सम्मानित किया और कहा कि हरियाणा की संस्कृति प्राचीन काल से ही दूध, दही का खाना से जुड़ी हुई हैं।

जिसका अर्थ है कि यहां के युवक व युवतियां सहज रूप से उच्च प्रोटीन युक्त आहार लेते आए हैं। इसी कारण हरियाणा के युवक व युवतियां स्वाभाविक रूप से स्वस्थ, सशक्त और गठीले होते हैं। यही वजह है कि हरियाणा के ग्रामीण नौजवान खिलाडिय़ों ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक स्तर पर भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाडिय़ों को सम्मानित करते हुए।


नरवाना। व्याख्यान में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### संकल्प दिवस पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में जम्मू कश्मीर स्टडी सेंटर ऑफ़ सोशल आउटरीच सेल और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय एवं एसडी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प दिवस पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालयए जींद के सांस्कृतिक विभाग के डायरेक्टर डॉ विजय जी रहे एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री विक्रांत जी रहे जोकि एक सामाजिक कार्यकर्ताए राष्ट्रीय चिंतक एवं विचारक है जो सिरसा से है और 2012 से ये राष्ट्रीय सेवा में लगे हुए हैं। विक्रांत जी ने छात्रों को डॉक्युमेंट्री के माध्यम से संकल्प दिवस के उद्देश्य से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत का एक बहुत बड़ा भूभाग पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है जिसे हम पीओजेकेए पो ओ टी एल के नाम से जानते हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र को लेकर 22 फरवरी 1994 को तत्कालीन नरसिम्हाराव सरकार के दौरान देश की संसद में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव में दोहराया गया था कि पी ओ के जे भारत का अभिन्न अंग था और सदैव रहेगा।

### ब्रह्मा कुमारीज ने महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया

नरवाना। ब्रह्मा कुमारीज द्वारा पुरानी अनाज मंडी में आयोजित महा शिवरात्रि महोत्सव में सैकड़ों लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।मुख्यातिथि डीएसपी अमित भाटियाए विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य कर्ण प्रताप बेदीए अनाज मंडी प्रधान एडवोकेट राजेश शर्माए अध्यक्षा जींद क्षेत्र की प्रभारी बीके विजय दीदीए मुख्य वक्ता उचाना सेवा केंद्र प्रभारी बीके सुषमाए संयोजक बीके विजय भ्राताए स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमा एवं बीके ममताए बीके रेणुए मीनाए निशाए पूजा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथिगण डीएसपी अमित भाटियाए कर्ण प्रताप बेदीए राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण की मिसाल ब्रह्माकुमारीज संस्था को विश्व के 140 देशों तक पहुंचाने में बीके बहनों की लगनए त्यागए तपस्या द्वारा दिए गए योगदान की बढ़ चढ़ कर सराहना की और सभी को इनके बताए रास्ते पर चल कर मेडिटेशन द्वारा खुद के मन एवं परिवार में सुख शांति लाने का आह्वान किया।

### महिलाएं स्वरोजगार जीवनशैली में करें सुधार

जींद। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आरसेटी में चलाए जा रहे 30 दिवसीय कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग प्रक्षिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 35 महिलाओं व लड़कियों ने कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग (टैली) का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत ये महिलाएं अपना काम शुरू करके या कहीं नौकरी करके अपने परिवार की आय बढ़ाने व अपने परिवार की जीवनशैली में सुधार करने का काम करेंगी व आत्मनिर्भर बनेंगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पंजाब नेशनल बैंक अग्रणी जिला प्रबंधक अनुपम मरांडी ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के युग में महिलाएं कितने बड़े बड़े स्तर तक अपना काम कर रही हैं।


जींद। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


जींद। राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### युवा शक्ति राष्ट्र भाव को करे आत्मसात : विजय

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सोशल आउटरीच सेल के संयुक्त तत्वावधान में संकल्प दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की। विश्वविद्यालय के सोशल आउटरीच सेल के निदेशक डा. विजय कुमार ने छात्राओं को संकल्प दिवस के विषय में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिरसा से विक्रांत ने छात्राओं को राष्ट्रहित सर्वोपरि के विचार को हृदयंगम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को एक डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से स्वतंत्रता पूर्व हमारे देश की भौगोलिक स्थिति तथा स्वतंत्रता पश्चात हमारे देश की भौगोलिक स्थिति के अंतर बारे विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने बताया कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, हमारी सभ्यता और हमारी संस्कृति का समन्वय जब हमारी भौगोलिक सीमाओं के साथ था, तब व्यापार में हमारा एकाधिकार था। परंतु पड़ोसी देशों द्वारा धीरे-धीरे हमारे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों तथा हमारी सीमाओं का अधिग्रहण करके येन, केन प्रकारेण हमें उस विरासत से, हमारे क्षेत्र से दूर कर दिया गया।

### गुरु कभी भटकने नहीं देता : सुखदेवानंद महाराज

सफीदों। सच्चा गुरु अपने शिष्य को कभी भटकने नहीं देता। उक्त उद्गार संत सुखदेवानंद महाराज ने प्रकट किए। वे नगर की कुटिया शांत सरोवर में आयोजित 31वें वार्षिक समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सच्चा गुरु वही है जो अपने शिष्य को सद्मार्ग दिखाकर परमात्मा को पाने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह हम एक बस के ड्राईवर पर विश्वास करके बस में निश्चिंत होकर सफर करते हैं। बस चालक हमें हमारे गंतव्य तक पहुंचाता है। ठीक उसी तरह ही एक शिष्य अपने आपको गुरु के प्रति समर्पित कर दे तो गुरु भी अपने शिष्य को सद्कर्म सिखाकर भगवान की प्राप्ति का रास्ता दिखाते हैं। जरुरी तो यही है कि हम अपने आपको समर्पित कर दें। फिर गुरु का कर्तव्य बन जाता है कि शिष्य को सद्मार्ग पर किस तरह लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव की कृपा हर समय बरसती है जो शिष्य पात्र होते हैं वो पा जाते हैं। संत सुखदेवानंद ने कहा कि सत्संग का मौका भाग्यशाली व्यक्ति को ही मिलता हैं।


सफीदों। श्रद्धालुओं को संबोधित करते संत सुखदेवानंद महाराज।



डाहौला के नव प्रगति स्कूल में कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

### बच्चों में देश प्रेम की भावना होती जागृत : लाजवंती

अलेवा। गांव डाहौला के नव प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बधाना के बलिदानी कैप्टन पवन कुमार के बलिदान दिवस पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने की। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर-सुंदर नाटक, गीत, नृत्य व भाषण आदि की प्रस्तुतियां देकर बलिदानी कैप्टन पवन कुमार के साथ-साथ सभी बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश पर बलिदान हुए सभी बलिदानियों को श्रद्धांजलि देना है। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है। ऐसे काय्रक्रमों के माध्यम से देश के सेनानियों को याद किया जाता है। हमें देश की रक्षा करते बलिदान हुए बलिदानियों के जीवन से शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।


अलेवा। सरस्वती स्कूल नगूरां में विजेता टीम के साथ प्राचार्य डा. प्रदीप।

### सुनिधि यमुना प्रथम, शीतल गंगा सदन द्वितीय रहा

अलेवा। नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय हरियाणवी एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा. प्रदीप ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक कुलदीप दलाल ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका उप प्राचार्या सोनल शर्मा, वंदना तथा डिंपल शर्मा ने निभाई। मंच संचालन अध्यापक रामकरण ने किया। इस अवसर पर चारों सदनों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें सुनिधि यमुना सदन ने प्रथम, शीतल गंगा सदन ने द्वितीय तथा हर्षिता एवं हिमांशु ने गोदावरी व कावेरी सदन से तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. प्रदीप ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनको बस प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इस अवसर पर विजेता टीम को प्राचार्य तथा स्कूल प्रबधंक द्वारा सम्मानित किया गया। पवन शर्मा, रामपाल सैनी, गौरव सैनी, विकास दलाल, अंकुश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कब बुलबुल एवं गाइड विंग ने मनाया चिंतन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्काउट के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी मिसिज बेडन पावेल के जन्मदिन को चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जींद शहर व राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नगूरां में कब बुलबुल और गाइड विंग द्वारा चिंतन दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कब बुलबुल बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जैसे कब डांस, टोटम पोल, कब ग्रीटिंग, बुलबुल ट्री, गीत, भालू डांस उसी प्रकार गाइड विंग ने नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना से सभी बच्चों व बड़ों को संदेश दिया व पौधारोपण किया। डीओसी गाइड ऊषा गुप्ता ने बच्चों को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। जिला संगठन आयुक्त कब बुलबुल राजेश वशिष्ठ ने स्काउट,कब बुलबुल गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया की इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को आगे बढने को प्रेरित करती है।


जींद। गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को कैरियर काउंसलिंग की जानकारी देते प्राध्यापिकाएं।

### बच्चों को 12वीं के बाद करियर विकल्पों की दी जानकारी

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा अहिरका गांव में एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डा. उपासना गर्ग व अन्य प्राध्यापिकाओं को शुभकामनाओं के साथ इस अभियान के लिए विदा किया। अध्यक्षा डा. उपासना ने बताया कि इस सेमिनार का मकसद ग्रामीण बच्चों को 12वीं करने के बाद कैरियर विकल्पों से अवगत करवाना था। क्योंकि ग्रामीण विद्यार्थी मार्गदर्शन के अभाव में उचित निर्णय नहीं ले पाते और भ्रमित हो जाते हैं। यह सेमिनार कैरियर संबंधित उन्हें उचित निर्णय लेने में मदद करेगा। अहिरका ग्राम में रिषिकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के करीब 50 विद्यार्थियों ने इस सेमिनार में भाग लिया। सेमिनार के समापन पर प्राचार्य राजीव गिल ने सभी वक्ताओं जिसमें कीर्ति, ज्योतिका, कुमारी वंशिका शामिल थे व संयोजक डा. उपासना को धन्यवाद किया।

## श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया परिवार दिवस

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल ईगराह में हर्षोल्लास के साथ परिवार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गायत्री मंत्र के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र शर्मा व सह अध्यापक के साथ ईश्वर तुल्य अभिभावकगण व मुख्य अतिथि मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ नरेश जागलान का अभिनंदन किया। इसी दोरान कार्यक्रम का शुभारंभ हेतु गणेश वंदना व दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान बच्चों ने फैमिली ट्री को सजा कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने परिवार की बनाई तस्वीरें अध्यापकों के साथ सांझा की तथा अपने-अपने विचार सुंदर ढंग से व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ नरेश ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि परिवार होना हर मनुष्य के लिए बेहद जरूरी है। एक बच्चा परिवार में रहकर ही अच्छी आदतें ग्रहण करता है। हमें परिवार के हर सदस्य के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति तो हमें वसुधैव कुटुंबकम अर्थात पूरी धरती हमारा परिवार है कि नियम पर चलना सिखाती है। प्रिंसिपल नरेंद्र ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि हमेशा परिवार सब से बढ़ कर होता है। हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इंसान कितनी भी तरक्की कर ले, बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर ले लेकिन परिवार के बिना सब कुछ अधूरा है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों द्वारा बनाए स्लोगन, पेंटिंग व फैमिली ट्री को लेकर प्रशंसा की तथा उन्हें परिवार का मजबूत हिस्सा बनने की प्रेरणा दी।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। ग्रामीणों को दूषित पेयजल से होने वाली समस्याओं से करवाया अवगत।

### दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों से करवाया अवगत

जींद। गांव अनूपगढ़ में उपस्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता शैलेंद्र सिंह और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता निशा रानी, गांव की आशा वर्कर और ग्रामीणों ने भाग लिया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता शैलेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छ पानी के बारे में जानकारी दी। जिससे कि संक्रामक रोग ना फैले। उन्होंने बताया कि पीने के पानी में क्लोरीन की गोली डाल कर रखें, पीने के पानी को ढक कर रखें। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता निशा रानी ने ग्रामीणों को बताया कि दूषित पानी पीने से हैजा, दस्त, टायफाइड और पीलिया आदि बीमारियां हो जाती हैं।

**खबर संक्षेप**

## कोर्ट के आदेश न मानने पर चार आरोपी नामजद

**कैथल।** चीका पुलिस ने गांव से बनेड़ा में गली में वाहन खड़े कर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव थेह बनेड़ा की अमरजीत कौर ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि थेह बनेड़ा गांव के शोभा सिंह, जय सिंह, भगवान दास और जीत ने कोर्ट के आदेशों की अनदेखी की।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**कैथल ।** महिला पुलिस कैथल ने एक महिला को नौकरी लगवाने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कैथल के गांव की महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक दिन गांव दिलोवाली का संजीव कुमार उससे मिला तथा आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया।

## घर में घुसकर लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** कलायत खंड के गांव बाता से चोर एक मकान में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चुरा कर ले गए। गांव बाता के विकास राणा ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 फरवरी की रात को चोर उसके घर में घुसे तथा वहां पर रखे 2 लाख की नगदी तथा सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

## नाबालिग को तलाशने के लिए किया प्रदर्शन

**कैथल।** हिसार जिले में एक नाबालिग बेटी हर्षिता सोनी की तलाश के लिए हिसार से पैदल चंडीगढ़ के लिए निकला हुआ है। बेटी की गुमशुदगी के मामले में परिजनों ने पुलिस पर अनदेखी के आरोप लगाए हैं। परिजन इस मामले में चंडीगढ़ जाते हुए शनिवार को कैथल में पिहोवा चौक पर प्रदर्शन किया। परिजनों ने बताया कि हिसार पुलिस बेटी को खोजने पर सही तरह से अमल नहीं कर रही है।

## सिरसल गांव में रुकवाया बाल विवाह

**कैथल।** कैथल क्षेत्र के ब्लॉक पुंडरी के गांव सिरसल में जिला प्रशासन और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा बाल विवाह रुकवाया गया। यहां दुल्हन की उम्र मात्र 15 वर्ष तथा दुल्हे की लगभग 17 वर्ष थी। एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने परिवार के सदस्यों को बाल विवाह न करने के लिए चेतवानी देते हुए बाल विवाह न करने बारे जानकारी भी दी।

## फ्री कानूनी सहायता के लिए जागरूक किया

**कैथल।** ट्रैफिक एसएचओ एसआई राजकुमार की टीम द्वारा कैथल में कई स्थानों पर आमजन सहित वाहन चालकों को फ्री कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन की कानूनी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 15100 जारी किया गया है।

## ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मांगा मुआवजा

**कैथल।** भाकियू ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अनचाही बरसात व ओलावृष्टि से हुए नुकसान भरपाई के लिए तत्काल मुआवजा देने की घोषणा करें। किसान यूनियन के राष्टीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबडी, भाकियू के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि अब की बार किसानों की गेहूं तथा सरसों की फसल अच्छी खड़ी थी कि अचानक गत दिवस हुई बरसात व ओला वृष्टि से किसानों की इस फसलों को बहुत यादा नुकसान हुआ है। तेज हवाओं से फसल जमीन पर बिछ गई है। उन्होंने बताया कि किसान पहले ही कर्ज बंध है और अब फसल बर्बाद होने से किसानों को बहुत भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार विशेष गिरदावरी करवायें और कम से कम 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा करे।

### 2006 ड्यूटी के दौरान हो गए थे शहीद

# खरक पांडवा में शहीद भीष्म सिंह स्मारक का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित गांव खरक पांडवा में वीर शहीदों का पैगाम देगा। गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में शहीद सैनिक भीष्म सिंह स्मारक स्थापित किया गया है। नौ सेना के जांबाज योद्धा भीष्म सिंह 22 फरवरी 2006 को पोत में विस्फोट होने के कारण शहीद हो गए थे। शहीद को सम्मान देने और युवाओं में देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्मारक का अनावरण किया गया। समारोह के आयोजन की शुरूआत राष्ट्रीय गान व तिरंगा फहराकर हुई।



**कलायत।** कलायत के गांव खरक पांडवा में शहीद भीष्म सिंह स्मारक अनावरण अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि।

### परिजन मौजूद रहे

प्रतिमा का अनावरण शहीद की माता रामरति देवी, जिला परिषद पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र कौलेखां, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि मंडल कर्मवीर फौजी, सरपंच सुनीता देवी, किसान नेता गुरनाम सहारण, सुरेश सहारण, हजुर सहारण, दिलबाग सिंह, शहीद के दादा भरथ सिंह, स्कूल मुखिया विनोद कुंडू, इंद्र ढ्रूषसह और पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सभी पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से मिलकर अनावरण किया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया की शहीदों के स्मारक जो जिला कैथल में बनाए जा रहे हैं उस कड़ी में आज 21 में शहीद स्मारक का अनवरण जिला परिषद कैथल के सहयोग से किया गया। इस दौरान स्कूल की नैंसी एंड पार्टी, नैन्सी, अंशु व जगप्रीत ने स्वागत गीत, कविता और शहीद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

लोक गायक कलाकार फौजी कर्मवीर ने देशभक्ति गीतों से सम्मा बांधा। साथ ही नशे से बचने व बेटियां को मान-सम्मान देने पर भी जोर दिया गया। एसोसिएशन की तरफ से स्मृति चिह्न और शाल ओढ़ाकर शहीद की माता को सम्मानित किया। खरक पांडवा गांव की शहीद भगत सिंह युवा खेल समिति गांव खरक पांडवा द्वारा शहीद की माता व एसोसिएशन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी पूर्व सैनिकों को मैडल पहना कर पलकों पर बैठाया गया।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की तरफ से एचएफओ भीम सिंह गिल, लेफ्टिनेंट मेघ सिंह, हवलदार सुदेश राणा, कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, एचएफओ बलबीर सिंह, सूबेदार उदयभान शर्मा, सार्जेंट महावीर राविश, पीओ सत्यनारायण, सूबेदार ज्योति राम, हवलदार राजबीर ढूल, नायक कृष्ण कुमार, धनपत सिंह ,हवलदार वेदपाल, हवलदार कर्मवीर सिंह, रिसालदार बलदेव सिंह, हवलदार जनक सिंह, कालूराम, मदन सिंह चहल, रामपाल कुंडू, जगदीश सिंह, रिसालदार, मेजर खजान सिंह, सूबेदार रामेश्वर, बलदेव सिंह, सतपाल सिंह, राजाराम, सूरजभान, दफेदार रामचंद्र, पूर्व सैनिकों के परिवार और शहीद भगत सिंह युवा खेल समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे सरपंच सोहनलाल वर्मा

- पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए गांव फतेहपुर के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** एक कार्यक्रम के भाग लेते हुए गांव फतेहपुर के सरपंच सोहनलाल वर्मा।

सरपंच सोहनलाल वर्मा ने अनूठी पहल की है। वे न केवल स्वयं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं, बल्कि गांव-गांव और गली-गली जाकर लोगों को भी इस मुहिम से जोड़ रहे हैं। उनके प्रयासों से अब तक सैकड़ों लोग पर्यावरण बचाने के संकल्प के साथ इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं।

सोहनलाल वर्मा का मानना है कि पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार या कुछ संगठनों की नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की है। उन्होंने पौधारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त समाज और स्वच्छता अभियान जैसे कई कार्यों की शुरुआत की है। वे गांव में जाकर वे लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि आने वाली पीढियों को भी स्वच्छ हवा और शुद्ध जल मिल सकेगा।

हाल ही में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। अगर हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसक ी देखभाल करे, तो कुछ ही वर्षों में हरियाली की चादर हमारे चारों ओर होगी। इस अभियान के तहत गांववासियों को नि*शुल्क पौधे भी वितरित किए गए और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी स्थानीय युवाओं को सौंपी गई। इस पहल में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव की महिलाओं ने घरों में प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प लिया, तो युवा जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**राजौंद।** पीएम श्री सरकारी स्कूल सोंगल में शनिवार को वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनका शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर सुरेश राविश द्वारा किया। इन प्रतियोगिताओं में विशेष रूप से कक्षा अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस दौरान दौड़ ,शॉट पुट ,डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप,एकल नृत्य, रागनी, समूह नृत्य, नाटिका, कविता, गायन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में जहां आत्मविश्वास बढ़ता है वही वह भविष्य के लिए अपनी एक विधा में निखार लाते हैं। उन्होंने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में अनू ने 18 फुट शॉट फुट फेंक कर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं अंकुश ने लड़कों की श्रेणी में 31 फीट दूरी पर शॉट पुट को फेंका डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता में अनु ने 41 फीट दूर अपना लक्ष्य साधा वही हिमांशु ने 70 फीट पर अपना निशाना बनाया। लॉन्ग जंप की विधा में प्रिया ने 10 फीट लंबा जंप लगाया, वहीं अमनदीप ने 16 फीट लंबे जंप लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया, एकल नृत्य में अंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रागनी गायन में रीता ने प्रथम स्थान हासिल किया, समुद्र नृत्य में निशा और तनु ने नाटिका में काफी और उसकी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, कविता गायन में नितेश प्रथम स्थान प्राप्त किया।



अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

# नगर पालिका चुनाव : एसडीएम ने बूथों का दौरा कर जांची व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत नगर पालिका आम चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा हर स्तर पर व्यवस्था को कसौटी पर जांच-परख रहे हैं। चुनाव को बेहतरीन ढंग से संपन्न करवाने के लिए व्यवस्था को मजबूती दी जा रही है। प्रधान व पार्षद पद के मतदान के लिए स्थापित बूथों पर सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं की निगरानी बारीकी से की जा रही है।

एसडीएम के साथ तहसीलदार दिनेश ढिल्लो, नायब तहसीलदार मीनू कौशिक, सचिव पवन शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंगला, चुनाव कानूनगो राजकुमार व अन्य अधिकारी गतिशील हैं। मत गणना के लिए नगर पालिका कार्यालय के अंदर स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है। प्रधान व पार्षदों की अलग-अलग स्ट्रांग रूम मतगणना होगी। सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम की खिड़कियों को दीवार की तरह निर्माण करते हुए बंद किया गया है। इसके इर्द-गिर्द पहले से ही सीसीटीवी एक्टिव हैं।चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि नपा आम चुनाव को शांति पूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को प्रशासन पूरी तरह सजग है।



**कलायत।** रेलवे रोड स्थित डा.भीम राव अंबेडकर भवन में स्थित मतदान केंद्र का दौरा करते चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा।

# जगमग मौण बने आप के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



जगमग मौण

आम आदमी पार्टी ने मटौर गांव निवासी जगमग मौण को जिला कैथल का अध्यक्ष बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर जगमग मौण ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता व समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो उनको जिम्मेवारी सौंपी है उसका वे पूरे समर्पण व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। पार्टी की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाने व पार्टी के प्रचार प्रसार में अपना पूरा योगदान देंगे। जगमग मौण की पहचान शिक्षित, ईमानदार, कर्मठ व एक नेक समाजसेवी युवा के रूप में है। उनकी शिक्षक माता सेवानिवृत्ति के बाद जिला पार्षद रह चुकी हैं। जगमग ने कहा कि इस समय कलायत नगर पालिका के चुनाव चल रहे हैं। ऐसे समय में पार्टी ने उनको जो दायित्व दिया है उसका निर्वहन करते हुए वे पार्टी चिन्ह पर अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे जसविंद्र राणा को विजयी बनाने में पूरी शक्ति झोंक देंगे। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अनुरोध किया कि अपने चुनाव में वे किसी भी प्रकार का नशा या प्रलोभन अपने मतदाताओं को न दें।

# एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ एक दिवसीय शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की एनएसएस इकाइयों ने लगभग 70 एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित करते हुए शिविर की शुरूआत की। उन्होंने यह भी बताया कि वह खुद गोशाला में बहुत बार जाते हैं और इससे उन्हें संतुष्टि और शांति मिलती है। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश देशवाल और डॉ. संजय गर्ग के साथ मिलकर कैथल के नारायण सेवा संस्थान का दौरा किया, जहां विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्तियों के लिए कृत्रिम अंग, मोबाइल मरम्मत प्रशिक्षण, कंप्यूटर शिक्षा और सिलाई प्रशिक्षण जैसी कई निःशुल्क सेवाएं गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर डॉ. विवेक गर्ग और डॉ. नरेश गर्ग] नारायण सेवा संस्थान, कैथल इकाई ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कारणों के लिए प्रेरित किया और संस्थान का दौरा करते समय उन्हें साथ दिया। छात्रों ने विस्तार से उन निःशुल्क सेवाओं का दौरा किया जो संस्थान द्वारा विकलांग और गरीब लोगों के लिए प्रदान की जाती हैं।



**कैथल।** प्राचार्य डॉ. संजय गोयल स्वयं सेवकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# ग्रामीण भ्रमण तहत पुलिस कर्मचारी गांवों में लोगों की सुन रहे समस्याएं

- पुलिस अधिकारियों ने गांव खेड़ी गुलाम अली, अगौंध, माधो माजरी, में आमजन से की मुलाकात,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के कुशल नेतृत्व में गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। पुलिस द्वारा लगातार आमजन के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही है तथा इसके साथ उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है।

इसके अलावा इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को विभिन्न विषयों बारे जागरूक भी किया जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुहिम दौरान गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, एसएचओ गुहला एसआई रामपाल व एसएचओ सीवन एसआई कुलदीप सिंह ने गांव अगौंध व गांव खेड़ी गुलाम अली में ग्रामीणों से मुलाकात की। वहीं डीएसपी मुख्यालय बीर भान व एसएचओ सदर एसआई मुकेश द्वारा गांव माधो माजरी में आमजन व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान डीएसपी व एसएचओ ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे के प्रति जागरूक करें।



**कैथल।** गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ग्रामीणों से बातचीत करते हुए।

# डॉ. समीर ने बेलरखा की अंजू से की बिना दहेज के शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

खंड राजौंद के गांव कसान के वीएलडीए डॉक्टर समीर ने जींद के गांव बेलरखा की एमएससी गणित बीएड पास युवती अंजु धतरवाल के साथ रचाए विवाह में एक रुपया व नारियल लेकर एक मिसाल पेश की है। समीर व उनके माता पिता की इच्छा थी कि वह बिना दहेज के दुल्हन को अपने घर लाएंगो। वर पक्ष के इस फैसले की हर जगह तारीफ हो रही है। दुल्हे समीर के पिता वजीर चंद व माता सुमन गांव कसान के सरकारी स्कूल में बतौर अध्यापक कार्यरत हैं।

उनका यह मानना है कि दुल्हन ही दहेज है जो समाज के लिए भी एक अच्छी सीख है। उन्होंने बताया कि जब उनके बेटे के रिश्ते की बात चली तो उन्होंने दहेज न लेने की बात वधु पक्ष के सामने रखकर यह स्पष्ट कर दिया कि उनके विचार दहेज नामक बुराई के उन्मूलन के पक्ष में हैं। उनकी यह सोच है कि जब हम दहेज लेना बंद कर देंगे तो दहेज देना अपने आप बंद हो जाएगा। दुल्हे के परिजनों का यह मानना है कि दुल्हन के पिता द्वारा एक सुशिक्षित कन्या उन्हें सौंपकर जिंदगी भर के लिए उनका ऋणी बना दिया है।



## किठाना कालेज आफ एजूकेशन ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**राजौंद।** किठाना कालेज आफ एजूकेशन किठाना के बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी पिछले चार महीनों से चल रही स्कूल इंटर्नशिप को पूरा करके कालेज पहुंचे। स्कूल इंटर्नशिप का कार्य 16 अक्टूबर से शुरू होकर 21 फरवरी तक सुचारू रूप से चलता रहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंहरोहा ने विद्यार्थियों को उनकी इंटर्नशिप सफलता पूर्वक पूरी होने पर उनको शुभकामनाएं दी। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल विषय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अपने शिक्षण कौशल को आप किस तरह से प्रभावशाली बना सकते हैं।विभाग अध्यक्ष डा.जगजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों को स्कूल एक्सपीरियंस प्रोग्राम से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस इस दौरान डॉ. सुमन मलिक,सुनील, दीपिका,विनोद ,पंकज,नीरज ,अजय सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

### महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय नृत्य कार्यशाला

# जीवन में 'गुरुजी' का महत्वपूर्ण स्थान : रेणु रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ तत्वाधान में पांच दिवसीय नृत्य कार्यशाला का क्रम चला। समापन समारोह में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रेणु रानी ने डांस एकेडमी संस्थापक एवं कोरियोग्राफर असीम शर्मा, स्टाफ सदस्यों व गणमान्य लोगों का अभिनंदन किया। रेणू रानी ने कहा कि जीवन में गुरु का हमेशा महत्वपूर्ण स्थान रहता है। वास्तव में ही इस दिशा में कोरियोग्राफर असीम शर्मा की भूमिका प्रशंसनीय है। क्लोजिंग सेरेमनी में इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राओं ने उन सभी गानों पर धूम मचाई जिन पर उन्हें नृत्य सिखाया गया। इसमें बॉलीवुड, पंजाबी व हरियाणवी सभी तरह के गाने शामिल रहे। इस कला प्रदर्शन से प्राचार्य राजेश कुमार सैनी व महाविद्यालय प्राध्यापक और छात्राएं उत्साहित दिखी। समापन के अंत में प्राचार्य ने इस सराहनीय कार्यशाला के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रेणु रानी व छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नृत्य नृत्य एक ऐसी कला है जो उमंग एवं उत्साह के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखती है। जिन छात्रों ने कार्यशाला के माध्यम से नृत्य की बारीकियों को सीखा है वे इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी तलाश सकती हैं।

कार्यशाला के अंत में असीम शर्मा द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम में सबसे बेहतरीन प्रस्तुति दिखाने वाली छात्रा को बेस्ट डांसर का किताब दिया गया। उन्होंने कहा एक कलाकार में अनुशासन व धैर्य का होना आवश्यक है। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रिंपल को बेस्ट डांसर चुनते हुए प्राचार्य राजेश सैनी व असीम सर द्वारा उसे पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन वाणिज्य प्राध्यापक कविता ने किया उन्होंने मंच के माध्यम से ढंग से असीम शर्मा छात्रों को नृत्य सीखने हैं उसे तरीके की सराहना की।

इस अवसर पर उप प्राचार्य रूपेंद्र सिंह, प्राध्यापक शीला देवी, रितु, डा.प्रदीप सिंह और डा.रामजुवारी भी उपस्थित रहे।



**कलायत।** कलायत के राजकीय महिला कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## मोबाइल फोन के बढ़ते प्रयोग पर चिंता जताई

**राजौंद।** विवेकानंद विद्या निकेतन में वार्षिक समारोह इंद्रधनुष का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमर जैन भूतपूर्व चेयरमैन ऑडिट कमेटी डीएचबीवीएन ने शिरकत की। समारोह के दूसरे दिन की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित से हुई। इस दौरान प्रधानाचार्य रूप कृष्ण भट ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे छोटे बच्चों ने शैक्षणिक थीम,आदिवासी नृत्य, महाभारत का नृत्य-नाट्य का सुंदर समायोजन,वेस्टर्न नृत्य,मोबाइल एक्ट, कव्वाली,फन डांस,योगा के माध्यम से सबका मन मोह लिया। इस दौरान प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैडमिंटन किट,स्टडी टेबल और लूडो इत्यादि प्रदान करके सम्मानित किया गया। वार्षिक समारोह के इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### अज्ञान वाहन की टक्कर से रिक्शा सवार एक की मौत

**जींद ।** गांव बीबीपुर के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

बावरी गेट भिवानी निवासी कन्हैया (28) साथी अजय के साथ रिक्शा में जींद की तरफ आ रहा था।

### कार की चपेट में आने से एक युवक घायल

**कैथल।** कैथल के हनुमान वाटिका के निकट कार की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल के रामनिवास ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका बेटा दीपक जब 16 फरवरी को हनुमान वाटिका के निकट से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने हांसी रोड बाईपास पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड बाईपास पर युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### हेरोइन सप्लाई मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस के एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी गांव खरंका निवासी गुरमीत सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 जनवरी को चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की टीम द्वारा गांव खरकां निवासी बीरो देवी को उसके मकान पर दबिश देकर काबू किया था।

### सरकारी स्कूल से छह क्विंटल गेहूं चोरी, केस

**जींद।** गांव अलेवा सरकारी स्कूल में बीती रात चोरों ने मिड-डे मील राशन के कमरे की दीवार में सेंधमारी कर छह क्विंटल गेहूं को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अलेवा के सरकारी स्कूल के रामकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मिड-डे मिल कमरे में सेंधमारी कर छह क्विंटल गेहूं को चोरी कर लिया।

### लोन दिलाने के नाम पर व्यक्ति से 145817 ठगे

**कैथल।** कलायत निवासी एक व्यक्ति को ऋण दिलाने के नाम पर एक लाख 45 हजार 817 रुपये साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में साइबर थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साइबर थाना में दी गई शिकायत में कलायत निवासी जरनैल सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 2024 को उसके पास विदेशी नंबर से एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि बैंक से बात कर रहे हैं।

### स्प्रे कर छह एकड़ फसल नष्ट करने पर 6 नामजद

**जींद।** गांव राजपुरा भैण में जमीन विवाद के चलते स्प्रे कर छह एकड़ गेहूं फसल को नष्ट करने पर सदर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव राजपुरा भैण निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के ही सूबे सिंह परिवार से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल

**जींद।** ओम नगर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा व भतीजा घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओम नगर निवासी सचिन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

# तहसीलदार के रीडर के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज

## कैथल में नहीं रूक रहा भ्रष्टाचार का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले की तहसीलों में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। एक सप्ताह के भीतर ही एंटी करप्शन ब्यूरो ने दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए कलायत के तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हाल ही में गुहला तहसील में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रजिस्ट्री क्लर्क को रंगे हाथों पकड़ा था तथा तहसीलदार के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था। अब कलायत तहसील में तहसीलदार के रीडर विजय चौहान पर रिश्वत मांगने के आरोप में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थीः कलायत तहसील में सिणंद के कर्ण सिंह का जमीन से जुड़ा मामला लंबित था। आरोप है कि तहसीलदार के रीडर विजय चौहान ने मामले में आगे की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। कर्ण सिंह ने इस बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली और एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई।

#### मामला दर्ज

एसीबी इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कलायत तहसीलदार के रीडर विजय चौहान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच में जुटी है।

#### रेड की सूचना पहले ही लीक

एंटी करप्शन ब्यूरो ने शिकायत की पुष्टि के लिए पहले रेड करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। माना जा रहा है कि रेड की सूचना पहले ही लीक हो गई थी, जिससे आरोपी सतर्क हो गए। 17 दिन की जांच के बाद अब एसीबी ने ठोस सबूतों के आधार पर विजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो के एडीजीपी ऑफिस व एसपी अंबाला रेंज की स्वीकृति के बाद की गई।

#### फाइलें इधर-उधर घूमने से जनता परेशान

लगातार सामने आ रहे रिश्वतखोरी के मामलों से यह साफ हो गया है कि कैथल जिले की तहसीलें भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई हैं। आम जनता पहले से ही फाइलों को इधर-उधर घुमाने और अफसरों की लापरवाही से परेशान थी, अब खुलेआम रिश्वत मांगने के मामले सामने आने से लोगों में आक्रोश है।शहर के नागरिकों का कहना है कि तहसील में बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता।

**चार दिन पहले पकड़ा था क्लर्क :** गुहला तहसील में भी रिश्वतखोरी का मामला सामने आया था। मंगलवार को एसीबी अंबाला ने तहसीलदार कार्यालय में तैनात रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत रजिस्ट्री कराने के एवज में मांगी गई थी। मामले में तहसीलदार मनजीत मलिक पर भी रिश्वतखोरी के आरोप लगे थे।

## जाट हाई स्कूल सोसायटी के कॉलेजियम नंबर 71 व 23 को लेकर मतदान दो को : बाबूलाल

■ कॉलेजियम नंबर 52 में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी के कॉलेजियम नंबर 23, 52 तथा 71 के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है।कॉलेजियम नंबर 71 में तीन, 23 में दो नामांकन आए। जिन्हें शनिवार को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए। आगामी दो मार्च को इन दोनों कॉलेजियम को लेकर मतदान होगा। वहीं कॉलेजियम नंबर 52 में केवल सतीश कुमार ने नामांकन किया था, जिससे उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 75 में से 72 कॉलेजियम चुने जा चुके है, लेकिन कॉलेजियम नंबर 23, 52 तथा 71 में कोई भी नामांकन सही नहीं पाए जाने के कारण खाली रह गए थे। जिसकी वजह से इन कॉलेजियम के चुनाव को लेकर दोबारा से शेड्यूल जारी किया गया था। एडीसी एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि मतदान के समय सोसाइटी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र व साथ में कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोट कार्ड साथ लेकर जरूर आए।



जुलाना। पुरानी अनाजमंडी में गोदाम में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

# जुलाना चेयरमैन प्रत्याशी के गोदाम में लगी आग

■ फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मशक्त के बाद पाया काबू, हेड कांस्टेबल को लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में एक ओर तो चुनावों की सरगर्मियां तेज हैं तो दूसरी ओर जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में चौंकी के पास चेयरमैन प्रत्याशी सुनील कुमार के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की सहायता से फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया आग पर काबू पाने से पहले लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग नगर पालिका के प्रत्याशी सुनील के गोदाम में लगी। सुनील के गोदाम के साथ लगते रामकरण के गोदाम में भी आग जा पहुंची। प्लास्टिक का लाखों का सामान जलकर राख गया। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं लग पाया है। लोगों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है। गोदाम में रखा था घी और रिफाइंडः सुनील कुमार ने बताया कि उनके पास कई कंपनियों की डीलरशिप है। गोदाम में घी, रिफाइंड, बीडी, सिगरेट के अलावा किरयाना का सामान रखा हुआ था। आसपास के लोगों ने गोदाम से उठता धुंआ दिखाई दिया तो इसकी सूचना सुनील को दी गई। सुनील ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मंडी चौंकी में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप ने आग बुझाने का प्रयास किया तो उसे करंट लग गया और गिरकर घायल हो गया।

#### थाना प्रभारी ये बोले

जुलाना थाना प्रभारी जगदीश राम ने बताया कि हेड कांस्टेबल कुलदीप ने आग बुझाने का प्रयास किया। जिसमें वह झुलस भी गया और करंट लगने से घायल भी हो गया। कुलदीप ने साहस का परिचय दिया है। कुलदीप को सम्मनित करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

## अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद पहले ली थी ऑनलाइन सदस्यता

# चेयरपर्सन ने बैठक से दो दिन पहले पहना भाजपा का पटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद के अध्यक्ष मनीषा रंधावा तथा उनके पति कुलदीप रंधावा भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में रोहतक स्थित उनके कार्यालय में कुलदीप रंधावा व उनकी पत्नी मनीषा रंधावा भाजपा में शामिल हुए। इससे पहले भी चेयरपर्सन ने भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण की थी लेकिन जिले के स्थानीय नेताओं ने इसे स्वीकार नही किया था। अब दोनों के भाजपा में शामिल होने से जिला परिषद अध्यक्ष पद को लेकर चली आ रही खींचतान खत्म होती है या बढ़ती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल जिला परिषद की अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चौथी बार 24 फरवरी को बैठक होनी है। इससे पहले भी 11 फरवरी को बैठक करवाने के लिए हाईकोर्ट ने तारीख दी थी। इसमें डीसी को शामिल होने के भी निर्देश दिए गए थे लेकिन डीसी को सरकारी कार्य के चलते बाहर जाना पड़ा था। गौरतलब है कि दिसबंर 2024 से जिला परिषद की चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तीन बार बैठक रद्द हो चुकी हैं। उच्च नयायालय ने 24 फरवरी को बैठक करवाने के लिए डीसी को समय दिया है। इस बैठक से पहले ही जिला परिषद अध्यक्ष मनीषा रंधावा तथा उनके पति कुलदीप रंधावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए हैं। हालांकि उन्होंने पहले भी भाजपा ज्वायन की थी लेकिन स्थानीय नेता इस ज्वायनिंग नही मान रहे थे। बैठक से ठीक दो दिन पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात,जिला परिषद चेयरपर्सन ने बैठक से दो दिन पहले ही रोहतक में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल से मुलाकात कर भाजपा में आस्था जताई। भाजपा की प्रदेश की राजनीति में फंसी जिला परिषद चेयरपर्सन की कुर्सी को बचाने का यह प्रयास है। हालांकि पहले तीन बार रद्द हुई बैठकों में जिला परिषद चेयरपर्सन के पास बहुमत होने के दावे किए गए थे। इससे पहले भी चेयरपर्सन ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ फोटो वायरल की थी। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो चेयरपर्सन ने अदालत का सहारा लिया था ताकि बैठक करवाई जा सके। इसके बाद तीसरी बार अदालत ने डीसी को बैठक करवाने के निर्देश जारी किएए लेकिन डीसी को तीसरी बार बैठक के दौरान प्रशासनिक बैठक के चलते चंडीगढ़ जाना पड़ा था। इसके बाद अब चौथी बार बैठक के निर्देश 13 फरवरी को अदालत ने दिए थे। अब बैठक रद्द न हो या पार्षदों की संख्या कम न रहे। इसको देखते हुए चेयरपर्सन ने भाजपा में आस्था जताई है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में पति व पत्नी ने ज्वायन की पार्टी



जींद। जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा व उनके पति कुलदीप रंधावा को भाजपा में ज्वायन करवाते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

#### जिप चेयरमैन को अविश्वास से पार पाने के लिए नौ पार्षदों की जरुरत

जिप चेयरमैन को अविश्वास प्रस्ताव से पार पाने के लिए नौ पार्षदों की जरुरत है। असंतुष्ट पार्षदों को अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने को लेकर 17 सदस्यों की जरूरत है। कुछ पार्षद हालातों पर नजर रख बैलेंस बनाए हैं। चेयरपर्सन पहले तीनों बैठकों में समय पर पहुंची लेकिन विरोधी खेमे से कोई नहीं पहुंचा था।

#### बिगड़ रहे थे विकास के समीकरण

जिप चेयरमैन के खिलाफ दो दिसंबर को 25 सदस्यों वाली जिप में से 18 पार्षदों ने डीसी को शपथ पत्र सौंप अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी। इस पर 13 दिसंबर को बैठक की तारीख निर्धारित की गई। डीसी के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण बैठक स्थगित हो गई। इस पर 22 जनवरी तारीख निर्धारित की गई। फिर से डीसी के बैठक में न पहुंचने पर बैठक स्थगित हो गई। इस पर चेयरमैन ने हाईकोर्ट का सहारा लिया तो 11 फरवरी की तारीख निर्धारित हुई थी।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर के आमजन से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार कैथल पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही इंग्लैंड भेजने के नाम लाखों रुपए ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान की अगुवाई में पीएसआई संदीप कुमार द्वारा करते हुए आरोपी पंजाब के जिला रूपनगर के गांव कमालपुर निवासी गुरविंद्र सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सिरटा निवासी रोशन लाल की शिकायत अनुसार वह और उसका जानकार अनिल कुमार अपने बच्चों को विदेश भेजना चाहते थे। इस संबंध में उन्होंने मार्च 2024 में चंडीगढ़ में प्लैनेट गाइड ओवरसीज सेंटर में हरसिमरन जीत कौर और नेहा राणा से बातचीत की। उन्होंने विदेश जाने वाले युवा गुरदीप सिंह और आरती के सारे दस्तावेज ले लिए। उन्होंने पूरी तसल्ली दी कि वे दोनों बच्चों को पति-पत्नी के रूप में इंग्लैंड का वीजा लगवा देंगे। इसमें लड़की का मैरिज रजिस्ट्रेशन करवाकर दोनों का कपल वीजा लगा देंगे।

# अनैतिक कार्य की सूचना पर पुलिस ने दी होटल पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अंबाला रोड पर कॉलेज के सामने पुलिस ने होटल में अनैतिक कार्य होने की सूचना पर दबिश दी। दबिश देने वाली टीम में सिविल लाइन थाना व दुर्गा शक्ति की टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो होटल में छह कमरे बुक मिले, जिनमें 12 युवक व युवतियां ठहरे मिले। हालांकि सभी बालिग पाए गए, ऐसे में पुलिस ने दस्तावेजों की जांच के बाद सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं होटल में भी लाइसेंस व अन्य दस्तावेज जांचे गए। इस संबंध में होटल के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को शिकायत दी थी। जितेंद्र की ओर दी शिकायत अनुसार उनके घर के सामने कुछ लोगों ने होटल बनाया है। यहां पर रोजाना लड़के व लड़कियां आते हैं और अनैतिक कार्य कर वापस चले जाते हैं। होटल में घंटों के हिसाब से कमरे दिए जाते हैं। पास में ही कॉलेज व एक स्कूल हैं। इस लोकेशन का फायदा उठाकर ये लोग गलत काम कर रहे हैं। रिहायशी क्षेत्र में यह होटल बनाया गया है। इन्होंने जान बूझकर सेंसटिव जगह पर होटल बनाया है। इस प्रकार से ये लोग पास में रहने वाले लोगों को परेशानी होती है।

### गांव भाटिया के पास ट्रक पलटा, ड्राइवर सुरक्षित

**गुहला-चीका।** गुहला के गांव भाटिया के पास एक टूटी सडक के कारण हिमाचल प्रदेश जा रहा एक ट्रक पलट गया। उक्त घटना के बाद गांव के लोग इकटठे हुए और उन्होंने ट्रक में से ड्राइवर को बाहर निकाला और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल ड्राइवर राजेश ने बताया कि पीछे से आ रहे एक अन्य वाहन को वह साइड देने लगा, जिस कारण उसने जैसे ही ट्रक को सड़क से कुछ नीचे उतारा, तो सड़क धंस गई और उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रक पलट गया। बताया जा रहा है कि ट्रक में कोई रसायनिक पदार्थ था, जो कि ट्रक के पलटने के बाद एक किसान के खेत में फैल गया। इसके चलते किसान की लगभग एक एकड़ में खड़ी फसल खराब हो गई। किसान ने बताया कि रसायनिक पदार्थ के चलते अब कई वर्षों तक उसके खेत में फसल पैदा नहीं होगी। उसने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

# गांव करसिंधू के तालाब में बाबा का तैरता शव मिला

■ पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव करसिंधू के तालाब में एक बाबा का शव तैरता हुआ मिला। शव की पहचान बाबा किरड़ाई नाथ उर्फ जगदीश (50) निवासी गांव दरियापुर के रूप में हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर सदर थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकलवा कर उसे नागरिक अस्पताल सफीदों पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार गांव करसिंधू में स्थित मंदिर में बाबा किरड़ाई नाथ उर्फ जगदीश पिछले काफी समय से रह रहा था। वह पिछले कई दिनों से गायब था। लोगों ने सोचा कि कहीं गया होगा और वह आ जाएगा। इस मंदिर के साथ में ही तालाब लगता है और बताया जाता है कि वह पैर फिसलकर इस तालाब में गिर गया। किसी को भी इस बात का पता नहीं चला। शनिवार सुबह इस तालाब के पास से गुजरते हुए किसी ने देखा कि तालाब में कोई शव तैर रहा है और उसने भगवा कपड़े पहने हुए हैं। उसने इस बात की सूचना गांव के चौकीदार कर्मबीर सिंह को दी।

### खरड़वाल में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नरवाना।** ग्रामीण विकास और गरीब कल्याण मौजूदा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। इसके लिए सरकार द्वारा नित नई परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास का नरवाना विधानसभा क्षेत्र को भी बराबर फायदा मिलेगा और 5 साल के बाद नरवाना सुरक्षितए सुंदर तथा विकसित क्षेत्रों की अग्रणी पंक्ति में होगा। ये विचार हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव खरड़वाल में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबंधित करते हुए व्यक्त किए। कैबिनेट मंत्री ने मौके पर करीब 70 लाख रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें 5 लाख रूपये की लागत से निर्मित चमार चौपालए सवा तीन लाख रूपये की लागत से निर्मित पिछड़ा वर्ग चौपालए 6 लाख रूपये की लागत से निर्मित गली तथा 44 लाख रूपये की लागत से फिरनी निर्माण शामिल हैं। ये सभी विकास कार्य पंचायती राज विभाग द्वारा करवाए गए थे।

# लघु नाटिका से सामाजिक बुराइयों पर किया कटाक्ष

■ पोक्सो एक्ट तथा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। लघु नाटिका प्रस्तुत करते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल की छात्राओं ने शनिवार को पिल्लूखेड़ा खंड के गांव मलार, गांगोली, भूरायण का दौरा किया और ग्रामीणों को गुड एंड बैड टच, पोक्सो एक्ट व मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य को लेकर लघु नाटिका प्रस्तुत कर जागरूक करने का काम किया। छात्राओं ने महिला कानून, उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने की बात कही। माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल की प्रधानाचार्य ज्योति ने बताया कि गुरूकुल की छात्राएं पिछले 15 दिनों से लगातार पिल्लूखेड़ा खंड के गांवों का दौरा कर रही हैं। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूक कर रही हैं। छात्राएं लघु नाटिका के माध्यम से स्वच्छता अपना कर बीमारी से बचाव की जानकारी दे रही हैं। उनका कहना है कि जब हम स्वयं साफ और स्वच्छ वातावरण रखेंगे, तभी हम दूसरों को जागरूक कर सकेंगे। हमें स्वस्थ रहने के लिए योग एवं संतुलित आहार की आवश्यकता है।

हमें नियमित रूप से संतुलित भोजन करना चाहिए एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता के साथ-साथ छात्राएं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए ग्रामीणों से आह्वान कर रही हैं। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे स्लोगन लिखकर छत्राओं ने लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य ज्योति ने बताया कि छात्राएं पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के लगभग 15 गांवों में जागरूकता अभियान चला कर पोक्सो एक्ट तथा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक कर रही हैं। वहीं पॉक्सो एक्ट की जानकारी इसलिए दी जा रही है ताकि बच्चियां अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें। पॉक्सो एक्ट का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराध से बचाना और उन्हें न्यायिक सहायता प्रदान करना है। यह एक्ट बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण है।

# अकालगढ़ में डीजे नही बजाने पर मिलेंगे 5100 रुपये

## आर्य समाज की बैठक में लिया निर्णय

■ यज्ञ करवाने वाले परिवार को 1100 रुपये से किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गांव अकालगढ़ में आर्य समाज की बैठक हुई। इस बैठक में कार्यकारिणी का गठन करने के साथ-साथ अहम फैसले लिए गए। जिसमें अगर कोई भी परिवार विवाह शादियों में डीजे नही बजाएगा तो उसे 5100 रुपये से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा गांव में हवन यज्ञ करवाने वाले परिवारों को 11 सौ रुपये से सम्मानित किया जाएगा। आर्य समाज अकालगढ़ के प्रधान कृष्ण आर्य ने कहा कि डीजे की ध्वनि से दुधारू पशु, पक्षी और बच्चों में दुष्प्रभाव पड़ता है इसके अलावा गर्भवती महिलाओं में गर्भ गिरने की आशंका बनी रहती है।

डीजे बजाने से हृदय रोग की बीमारी भी पैदा होती है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज द्वारा हवन यज को बढ़ावा देने के लिए अहम फैसला लिया गया है। इस मौके पर कार्यकारिणी का गठन करते हुए कृष्ण को प्रधान, रामचंद्र को संरक्षक, पवन आर्य को उप प्रधान, सतीश आर्य को कोषाध्यक्ष, विक्रम आर्य को मीडिया प्रभारी, बलराज को पुस्तकालय अध्यक्ष बनाया गया है।



जुलाना। बैठक में भाग लेते आर्य समाज सभा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि